
आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 313 ● कटनी ● सोमवार, 20 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



शेयर मार्केट पर ओमिक्रॉन की नजर

## निवेशकों को चंद मिनटों में 10 लाख करोड़ का नुकसान

**मुंबई।** ओमिक्रॉन आदमी के साथ आमदनी संक्रमित कर रहा है। ओमिक्रॉन का असर शेयर बाजार पर दिख रहा है। सप्ताह के पहले दिन ही शेयर बाजार में कोहराम मच गया। कुछ ही देर में निवेशकों के करोड़ों रुपये डूब गए। एक मिनट के भीतर 10 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की न्जरज पैसों पर ही लग गई है। शेयर बाजार पर इसका असर इतना खतरनाक हुआ है कि एक ही झटके में पैसों को पानी में बहा दिया । सोमवार को शेयर बाजार खुलते ही धड़ाम से नीचे जा गिरा। सेंसेक्स में 1000 अंक और निफ्टी में 200 अंकों से ज्यादा गिरावट के साथ ही बाजार पूरी तरह हिल गया। चंद मिनटों के भीतर ही पूरा बाजार धड़ाम से नीचे आ गया। जिससे निवेशकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। बाजार खुलने के 10 मिनट के भीतर 10 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

### निवेशकों में मायूसी

चंद मिनटों में कई करोड़ रुपये के नुकसान से निवेशकों में मायूसी का माहौल छाया हुआ है। मार्केट एक्सपर्ट्स की मानें तो बाजार में अभी और हाहाकार मचने की आशंका है। क्योंकि यूरोपियों देशों में ओमिक्रॉन का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। ब्रिटेन, जर्मनी समेत कई यूरोपियन देशों में कोरोना संक्रमण के मामले फिर से हजारों की संख्या में आ रहे हैं। इसका सीधा असर वैश्विक और घरेलू बाजार पर दिखेगा।

### 1400 अंकों तक टूटा सेंसेक्स

शुरुआती आधे घंटे में बाजार को देखें तो सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा टूट गया। सेंसेक्स 1076.46 अंक यानी 1.89 फीसदी की गिरावट के साथ 55,935.28 पर लाल निशान के साथ कारोबार पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई का निफ्टी 322.30 अंक यानी 1.9 फीसदी की कमजोरी के साथ 16,662.90 पर था। सुबह 11:30 बजे के बाद बीएसई सेंसेक्स करीब 1,400 अंकों तक टूटा गया।

# महिला अपराधों को रोकने अब महिला अफसरों को जिम्मा

## कमिश्नर सिस्टमः अब महिला अपराध शाखा नहीं, अब वुमन सेफ्टी ब्रांच कहिए

**भोपाल। महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों का ग्राफ कम करने और आरोपियों को सजा दिलाने की जिम्मेदारी अब महिला पुलिस अफसरों की होगी। इसके लिए प्रदेश के चार शहरों में महिलाओं से जुड़े गंभीर अपराधों से लेकर सजा का लेखा-जोखा महिला सुरक्षा शाखा (वुमन सेफ्टी ब्रांच) की महिला एएसपी और डीएसपी के जिम्मे होगा। भोपाल और इंदौर में यह जिम्मेदारी महिला सुरक्षा की एडिशनल डीसीपी एवं एसीपी की होगी।**

दरअसल कमिश्नर सिस्टम में महिला अपराध शाखा का नाम बदलकर वुमन सेफ्टी ब्रांच कर दिया गया है। एनसीआरबी के डाटा अनुसार वर्ष 2020 में प्रदेश महिला अपराधों के मामले में पांचवे नंबर पर था। इसमें सुधार करने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा भोपाल, इंदौर की महिला सुरक्षा शाखा की एडिशनल डीसीपी सहित ग्वालियर और जबलपुर के एएसपी महिला अपराधों के पदों को स्वीकृत करने के साथ ही इनके कर्तव्य भी बताए हैं। पुलिस मुख्यालय ने निर्देश दिए हैं कि इन्वेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम और सेक्सुअल आफेंस रैंकिंग (आईटीएसएसओ) की मॉनिटरिंग लगातार



करना होगी। इसकी रैंकिंग से आईजी को भी लगातार अपडेट करवाना होगा। अन्य सभी जिलों में महिला सुरक्षा शाखा डीएसपी पदस्थ की गईं हैं। इन चारों शहरों में महिला सुरक्षा एएसपी और डीएसपी के हाल ही में पद स्वीकृत किए हैं। इन पदों पर अफसरों को पदस्थ कर दिया गया है। अब इनसे महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए उन्हें कर्तव्य बताए गए हैं।

### डीएसपी महिला सुरक्षा होंगे महिला थानों के नोडल अफसर

डीएसपी महिला सुरक्षा इन जिलों के महिला थाने के नोडल अफसर होंगे। जिले में घटित दुष्कर्म के प्रकरणों के अलावा एसिड अटैक के मामले व अनैतिक देह व्यापार के प्रकरणों का पर्यवेक्षण इन्हें करना होगा। महिला अपराधों की दृष्टि से सुरक्षा ऑडिट कर संवेदनशील स्थलों का पता लगाना और उन्हें सुरक्षित करने के लिए कार्य योजना बनाकर एसपी को प्रस्तुत करने का काम भी डीएसपी का होगा। नाबालिग के अपहरण के मामले में सुनिश्चित करना होगा कि 15 दिन के अंदर प्रभावी कार्रवाई हुई हो।

### एडिशनल डीसीपी और एएसपी की ये रहेंगी जिम्मेदारी...

एएसपी महिला सुरक्षा को अपने जोन के जिलों के महिला थाने और ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षक रोस्टर के अनुसार करना होगा। महिला एवं बालिकाओं संबंधी चिह्नित अपराधों की मॉनिटरिंग करनी होगी। आईटीएसएसओ रैंकिंग को मॉनिटर करते रहना होगा और पुलिस कमिश्नर (सीपी) या आईजी को इससे अवगत करना होगा। ज्यादती के जिन मामलों की विवेचना दो माह में पूर्ण नहीं हो पाई हो, उसकी जानकारी हर माह सीपी या जोनल आईजी को देनी होगी। महिला अपराधों मे हो रही सजा एवं दोषमुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा करनी होगी।

## पहले दिन हेलिकाप्टर हादसे में दिवंगतों को श्रद्धांजलि

### मप्र विधानसभा का सत्र कल तक के लिए स्थगित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। पहले दिन सदन में देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत और अन्य की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु पर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही गांधीवादी और सामाजिक कार्यकर्ता डा. एनएन सुब्बाराव, डा. एनपी मिश्रा, सोपिया, कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों और पूर्व सांसदों और विधान सभा के सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करने तत्पश्चात सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार चालू वित्त वर्ष के लिए दूसरा अनुपूरक (अनुमानित बजट) पेश करेगी। इसके साथ ही मध्य प्रदेश सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान की रोकथाम और नुकसान की वसूली विधेयक-2021 पेश किया जाएगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों द्वारा कुल एक हजार 578 प्रश्न पूछे गए हैं।

### मप्र में ओबीसी के मुद्दे पर गर्माई राजनीति

## भाजपा की कथनी और करनी आ गई सामने : कमलनाथ



**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। इसके पूर्व विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा की कथनी और करनी सामने आ गई है।



### कांग्रेस की वजह से ही बनी यह स्थिति-भूपेंद्र सिंह

वहीं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस को स्थगन प्रस्ताव नहीं माफी प्रस्ताव लाना चाहिए। आज जो आरक्षण को लेकर स्थिति बनी है वह कांग्रेस की वजह से ही है।

# मप्र में ठंड के तेवर तीखे



**भोपाल।** बर्फीली हवाएं चलने के कारण राजधानी सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। 15 जिले शीत लहर की चपेट में हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में कोई वेदर सिस्टम के सक्रिय नहीं रहने। आसमान एक दम साफ रहने के साथ ही हवा का रुख उत्तरी बना रहने से राजधानी सहित पूरे मध्यप्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट हो रही है। इस तरह की स्थिति अभी तीन दिन तक बनी रह सकती है। इसके बाद हवाओं का रुख बदलने से तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि रविवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 20.7 डिग्रीसे. दर्ज किया गया। जो सामान्य से छह डिग्रीसे.कम रहा। न्यूनतम तापमान चार डिग्रीसे. रहने और दिन का तापमान सामान्य से सात डिग्रीसे. कम रहने से भोपाल में शीतल दिन रहा। सोमवार को भी शहर में शीतल दिन बना रहने की संभावना है। साथ ही शीतलहर भी रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं। वेदर सिस्टम नहीं रहने से आसमान भी साफ है। हवा का रुख लगातार उत्तरी बना हुआ है।

## महाराष्ट्र में कातिल बंदर सीखचों के अंदर

### 80 पिल्लों को मारने वाले दो बंदरों को फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने पकड़ा, तीन महीने से जारी था आतंक



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के बीड में कुत्तों के 80 पिल्लों की हत्या करने वाले दो बंदरों को पकड़ लिया गया है। फॉरेस्ट अफसर सचिन ने इस बारे में जानकारी दी। इससे पहले स्थानीय अधिकारियों ने बताया था कि बंदरों ने तीन महीने में करीब 80 पिल्लों को ऊंचाई से फेंक कर मार डाला था। इस मामले की शुरुआत तब हुई थी जब कुछ वक्त पहले कुत्तों ने बंदर के एक बच्चे को मार दिया था। इसके बाद दो बंदरों ने बदला लेने के लिए कुत्तों के 80 पिल्लों को मार दिया। पिंजरे में बंद बंदरों को देखने के लिए भीड़ लग गई।बीड फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने बताया- कई पिल्लों की हत्या में शामिल 2 बंदरों को आज नागपुर वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। दोनों बंदरों को नागपुर से लगे जंगल में छोड़ दिया गया। बीड जिले के माजलगांव में बंदरों ने तीन महीने से आतंक मचा रखा था।



### पनामा पेपर्स मामले में बच्चन परिवार की मुश्किलें बढ़ीं

# ऐश्वर्या राय आज दिल्ली में ED के सामने होंगी पेश

**नई दिल्ली।** दुनिया के बहुचर्चित पनामा पेपर्स मामले में बच्चन परिवार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। आज बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय की दिल्ली के लोकनायक भवन में श्ष्ठ के सामने पेश होंगी। सूत्रों के मुताबिक श्ष्ठ के अधिकारियों ने सवालों की लिस्ट पहले से ही तैयार कर ली है। दरअसल पनामा पेपर्स मामले में भारत के करीब 500 लोगों के शामिल होने की बात सामने आई थी। इनमें नेता, अभिनेता, खिलाड़ी, बिजनेसमैन हर वर्ग के प्रमुख लोगों के नाम हैं। इन लोगों पर टैक्स की हेराफेरी का आरोप है। जिसको लेकर टैक्स अथॉरिटी जांच में जुटी हैं।पनामा पेपर्स मामले की लंबे समय से जांच चल रही है। ED के अधिकारी देश की कई बड़ी हस्तियों को जांच में शामिल कर चुके हैं। इसी कड़ी में एक महीने पहले अभिषेक बच्चन भी श्ष्ठ कार्यालय में पहुंचे थे। वे कुछ दस्तावेज भी श्ष्ठ अधिकारियों को सौंपे चुके हैं। श्ष्ठ सूत्रों की मानें तो जल्द ही इस मामले में उनके पिता अमिताभ बच्चन को भी ED नोटिस देकर बुलाने वाली है।

### बच्चन परिवार का नाम क्यों?

साल 2016 में ब्रिटेन में पनामा की लॉ फर्म के 1.15 करोड़ टैक्स डॉक्युमेंट लीक हुए थे। इसमें दुनियाभर के बड़े नेताओं, कारोबारियों और बड़ी हस्तियों के नाम सामने आए थे। भारत की बात करें तो करीब 500 लोगों के नाम सामने आए थे। इसमें बच्चन परिवार का नाम भी शामिल है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अमिताभ बच्चन को 4 कंपनियों का डायरेक्टर बनाया गया था। इनमें से तीन बहामास में थीं, जबकि एक वर्जिन आइलैंड्स में थी। इन्हें 1993 में बनाया गया। इन कंपनियों की कैपिटल 5 हजार से 50 हजार डॉलर के बीच थी, लेकिन ये कंपनियां उन शिप्स का कारोबार कर रही थीं, जिनकी कीमत करोड़ों में थी। ऐश्वर्या को पहले एक कंपनी का डायरेक्टर बनाया गया था। बाद में उन्हें कंपनी का शेयर होल्डर डिक्लेयर कर दिया गया। कंपनी का नाम अमिक पार्टनर्स प्राइवेट लिमिटेड था। इसका हेडक्वार्टर वर्जिन आइलैंड्स में था। ऐश्वर्या के अलावा पिता के. राय, मां वृंदा राय और भाई आदित्य राय भी कंपनी में उनके पार्टनर थे। यह कंपनी 2005 में बनाई गई। तीन साल बाद, यानी 2008, में कंपनी बंद हो गई थी।

### जल्द ही अमिताभ बच्चन को भी भेजा जा सकता है नोटिस

## बेअदबी नहीं मॉब लिंचिंग जिसे भीड़ ने पीट-पीटकर मारा, वह चोरी करने गया था

**चंडीगढ़।** कपूरथला में भीड़ के हाथों मारा गया युवक बेअदबी नहीं बल्कि चोरी करने आया था। पंजाब पुलिस ने यह खुलासा किया है। कपूरथला के स्स्क्र हरकमलप्रीत सिंह खख ने कहा कि अभी तक की जांच में यही सामने आया है कि युवक चोरी करने आया था। बेअदबी की कोशिश हुई ही नहीं। इसलिए जिन लोगों ने युवक को मारा है, उनके खिलाफ मर्डर का केस दर्ज किया जाएगा।

### बच्चों को गुस्सैल बना रहे ऑनलाइन गेम्स

**जयपुर।** राजस्थान के नागौर में 15 साल के लड़के को ऑनलाइन गेम फ्री फायर की ऐसी लत लगी कि वह परिवार वालों पर ही आक्रामक हो गया। पिता ने मोबाइल देने से इनकार किया तो उन्हें कमरे में बंद कर खूब हंगामा किया। नागौर में ही इस गेम के चक्कर में एक लड़का कर्ज के दलदल में ऐसा धंसा कि उसने पैसों के लिए अपने चचेरे भाई को मौत के घाट उतार दिया। चूरू का नाबालिग तो गेम के चक्कर में सबको भुला बैठा। उसे न परिवार वालों का ख्याल रहा, न अपनी सेहत का। हालत बिगड़ी तो उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया। ये तो कुछ उदाहरण भर हैं।





## ओमिक्रॉन का बढ़ता खौफ

# डेल्टा से 5-7 गुना तेजी से फैल रहा है ओमिक्रॉन

### भारत में जनवरी के अंत तक बिगड़ सकते हैं हालात

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस का नया म्यूटेशन ओमिक्रॉन सबसे पहले 24 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका में मिला था। अब तक ये करीब 100 देशों तक पहुंच चुका है और ड्ढ्ढ।॥ह्र को डर है कि ये दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में मौजूद है। ओमिक्रॉन की दहशत से ब्रिटेन कांप रहा है, फ्रांस डरा हुआ है, नीदरलैंड्स ने सख्त लॉकडाउन लगा दिया है। जर्मनी ने ब्रिटेन से आने वालों के लिए अपने दरवाजे बंद कर दिए हैं। इधर भारत भी नए हालात से निपटने की तैयारी में जुटा है।दुनियाभर के वैज्ञानिक इस वैरिएंट को समझने और रोकने की कोशिशों में जुटे हैं। अभी तक जो पता है उससे ये साफ है कि ओमिक्रॉन डेल्टा से कई गुना तेजी से फैल रहा है। हालांकि वैज्ञानिक मानते हैं कि ये वायरस कम जानलेवा है। वायरस के म्यूटेशन और बदलते रूप को जीनोम सीक्वेंसिंग के जरिए समझा जाता है। केंद्र सरकार ने 38 सरकारी लैबों का नेटवर्क बनाया है, जहां वायरस की जीनोम सीक्वेंसिंग की जाती है। दिल्ली में जीनोम सिक्वेंसिंग लैब इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बाइलरी साइंसेज में की जा रही है।



### देश में ओमिक्रॉन के 151 मरीज

ताजा खबर यह है कि भारत में ओमिक्रोन मरीजों की संख्या 151 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा 54 केस महाराष्ट्र में है। इसके बाद दिल्ली (22 केस), राजस्थान (17 केस) और तेलंगाना (20 केस) में सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। तेलंगाना में तो शनिवार को एक साथ 13 नए केस सामने आए। अब इन राज्यों में पाबंदियां लगाई जा रही हैं। नीचे देखिए देश के किस राज्य में ओमिक्रोन के कितने केस। इस बीच, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया ने ब्रिटेन में ओमिक्रोन के मामलों के तेजी से प्रसार के बीच भारत में भी तैयारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ गुलेरिया ने कहा कि भारत को दुनिया भर में ताजा ओमिक्रोन उछाल की निगरानी करनी चाहिए और किसी भी घटना के लिए तैयार रहना चाहिए।इस बीच, जानकारों का कहना है कि ओमिक्रोन के रूप में देश में कोरोना की तीसरी लहर आएगी, लेकिन अच्छी बात यह है कि यह महामारी की पहली या दूसरी लहर जितनी घातक नहीं रहेगी। समाचार एजेंसी ने नेशनल कोविड 19 सुपरमॉडल कमिटी के सदस्यों के हवाले से यह बता कही। इनके मुताबिक, फरवरी तक तीसरी लहर का चरम आ सकता है।

### दुनिया में पहले मरीज की मौत

इससे पहले ब्रिटेन से खबर आई कि यहां ओमिक्रोन से एक मरीज की मौत हो गई है। खुद पीएम बोरिस जॉनसन ने इसकी पुष्टि की। कोरोना के नए वैरिएंट की यह दुनिया में पहली मौत है।

## गुजरात में पाकिस्तानी बोट से पकड़ाई 77 किलो ड्रग्स, कीमत 400 करोड़

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस और कास्टगार्ड ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए पाकिस्तान की एक नाव को पकड़ा है, जिसमें भारी मात्रा में ड्रग्स लदी थी। भारतीय सीमा में पकड़ी गई इस नाव से 77 किलो ड्रग्स बरामद हुई है, जिसकी कीमत 400 करोड़ रुपए बताई गई है। नाव पर सवाल 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जो पाकिस्तानी नागरिक है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। गुजरात में डिफेंस पीआरओ ने बताया है कि नाव का नाम अल हुसैनी है। पता लगाया जा रहा है कि यह ड्रग्स कहां सप्लाय की जाना थी।



## मछली ने मगरमच्छ को मारा करंट, हो गई उसकी मौत



**नई दिल्ली।** जंगल में कब क्या हो जाए इस बात का कुछ नहीं पता, शिकारी का खुद भी कई बार शिकार हो जाता है। वैसे क्या आपने कभी इस बारे में सोचा है कि एक मछली मगरमच्छ को मार सकती है। नहीं सोचा होगा, इसका वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में जैसे ही मगरमच्छ मछली पर अटैक करता है, मछली उसको करंट मार देती है और वो पानी में ही उल्टे होकर गिर जाता है। यानी कि उसकी मौत हो जाती है। पहले बता दें कि यह वीडियो आपको विचलित भी कर सकता है।इस वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही मगरमच्छ इलेक्ट्रिक ईल पर हमला करता है, वो उसे करंट मार देती है। जानकारी के लिए बता दें कि इलेक्ट्रिक ईल को मीठे पानी का सबसे जानलेवा जीव कहा जाता है। क्योंकि इसके करंट से खतरनाक दिखने वाले मगरमच्छ की भी मौत हो जाती है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि कैसे ईल ने मगरमच्छ को करंट मारा और वो मर गया।

## DRDO वैज्ञानिक ने सुसाइड की कोशिश की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के रोहिणी कोर्ट में ब्लास्ट के मामले में आरोपी DRDO वैज्ञानिक ने पुलिस कस्टडी में सुसाइड की कोशिश की। पड़ोसी वकील की हत्या की साजिश में अरेस्ट भरत भूषण कटारिया अभी पुलिस की कस्टडी में है। उसे शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। देर रात उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस ने उसे बेहोशी की हालत में वॉशरूम में गिरा पाया। इसके बाद कटारिया को नजदीकी हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। वहां से उसे एम्स रेफर कर दिया गया। कटारिया ने 9 दिसंबर को रोहिणी कोर्ट में ब्लास्ट किया था। उसके घर से विस्फोटक बनाने का सामान भी मिला था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस को गुमराह करता रहता है।

## संसद में गतिरोध कायम

### 12 सदस्यों का निलंबन खत्म करने और अजय मिश्रा टेनी की बर्खास्तगी पर अड़ा विपक्ष

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का यह आखिरी हफ्ता है। अब तक यह पूरा सत्र दो मुद्दों की भेंट चढ़ गया है। पहला - 12 राज्यसभा सदस्यों का निलंबन और दूसरा - केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी का इस्तीफा। दोनों ही मुद्दों पर विपक्ष ने रोज हंगामा किया और सदन नहीं चलने दिया। सोमवार को भी यही सिलसिला जारी रहा। सरकार ने गतिरोध समाप्त करने के लिए कदम आगे बढ़ाया, लेकिन विपक्ष अड़ा रहा। जैसे ही संसद के दोनों सदनों की कार्रवाई शुरू हुई, विपक्षी हंगामा करने लगे। इससे पहले राज्यसभा में गतिरोध समाप्त करने के लिए संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने सोमवार को उन पांच दलों की बैठक बुलाई, जिनके सांसदों को पिछले महीने पूरे शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। कांग्रेस समेत सभी दलों ने इस बैठक में जाने से इन्कार कर दिया।लोकसभा में कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, सरकार ने सिर्फ 5 दलों की बैठक बुलाई है। हम चाहते हैं कि सभी विपक्षी दलों की बैठक बुलाई जाए और प्रधानमंत्री भी मौजूद रहें।

# देसी ड्रोन देख उड़ जाएंगे चीन-पाकिस्तान के होश

## 100 किमी दूर से दुश्मनों पर बरसाएंगे बम और मिसाइलें

**नई दिल्ली।** हथियारों से लैस ड्रोन अब भारत में ही तैयार किए जाएंगे। इसके लिए रोडमैप तैयार कर लिया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) इसे तीनों सेनाओं के लिए बनाएगा। हालांकि, तात्कालिक जरूरतों के लिए अभी भारत 30 सशस्त्र ड्रोन अमेरिका से खरीदने जा रहा है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, अगले दस सालों के भीतर देश में सशस्त्र ड्रोन तैयार कर लिए जाएंगे। डीआरडीओ की कई प्रयोगशालाएं इस पर काम शुरू कर चुकी हैं। इसके तहत डीआरडीओ अपने मौजूद मानवविहीन विमानों को खासकर रुस्तम जी-2 को सशस्त्र ड्रोन के रूप में परिवर्तित करेगा। इसके अलावा नये ड्रोन प्लेटफॉर्म भी विकसित जाएंगे। सशस्त्र ड्रोन दुश्मन पर बम और मिसाइलों से हमले करने में सक्षम होंगे। सशस्त्र ड्रोन को 100 किमी या इससे अधिक दूरी तक हमला करने में सक्षम बनाया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि तात्कालिक जरूरतों की पूर्ति के लिए अमेरिका से 30 सशस्त्र प्रीडेटर



ड्रोन खरीदे जाएंगे जिनमें से 10-10 प्रत्येक सैन्य बलों को दिए जाएंगे। इनकी कीमत तीन अरब डॉलर के करीब होने का अनुमान है।

### युद्ध में सशस्त्र ड्रोन का महत्व तेजी से बढ़ रहा

दरअसल, युद्ध में ड्रोन के साथ-साथ सशस्त्र ड्रोन का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। पहले ड्रोन निगरानी एवं जासूसी के लिए इस्तेमाल होते थे लेकिन अब हमला करने के लिए भी प्रयुक्त हो रहे हैं। जानकारों का कहना है कि आने वाले समय में तमाम युद्ध ऐसे ही बिना पायलट वाले हथियारों से लैस छोटे विमानों और ड्रोन के जरिये लड़े जाएंगे। हाल में नौसेना प्रमुख आर हरिकुमार ने कहा कि हथियारबंद ड्रोन देश में ही तैयार किए जाएंगे।

### भारत के पास सभी तकनीक मौजूद

रक्षा विशेषज्ञ और डीआरडीओ के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. रवि गुप्ता ने कहा कि डीआरडीओ द्वारा विकसित रुस्तम जी अभी भी हथियारों को ले जाने में सक्षम है। इतना ही नहीं भारत के पास ड्रोन में इस्तेमाल होने वाली तमाम तकनीक मौजूद हैं। इनमें से काफी तकनीकों को रुस्तम जी में इस्तेमाल भी किया जा रहा है। इसलिए वह समय दूर नहीं जब देश में सशस्त्र ड्रोन का निर्माण शुरू हो जाएगा।

# 2 डिग्री में कांपा कटनी

## 19 दिसंबर की रात का तापमान 2.1 रिकॉर्ड किया गया



**कटनी। कटनी जिले में इससे पहले कब ऐसी ठंड पड़ी थी याद नहीं लेकिन बीती रात जिस ठंड का अहसास लोगों ने किया वह इससे पहले के ठंड के सारे रिकार्ड ध्वस्त करता नजर आया। समीपी जिले उमरिया में तो खेतों में बर्फ की परत दिखी हालांकि कटनी के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने भी सुबह सुबह बर्फ जमने का दावा किया।**

कृषि विज्ञान केंद्र में दर्ज किया गया 2.1 न्यूनतम तापमान रिकार्ड किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र पिपरौध कटनी के स्वचालित ऑब्जर्वेटरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटनी में दिनांक 19 दिसंबर की रात का तापमान 2.1 रिकॉर्ड किया गया है। इसके कारण जिले में सब्जी वर्गीय फसलों के साथ-साथ आलू की फसल में पाला का असर हो सकता है। अत: किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि तुरंत कॉपर ऑक्सिक्लोराइड 250 ग्राम प्रति एकड़ में घोल बनाकर छिड़काव करें या फिर 500 ग्राम डस्ट को 1 एकड़ में रेत में मिलाकर छिड़काव करें। पाले से बचाव के लिए मृदा में पर्याप्त नमी बनाए रखें तथा फसलों को स्प्रिंकलर के माध्यम से हल्की सिंचाई करते रहें।

### ठंड से ठिठुरा जिला

विगत दिनों से पड़ रही ठंड के कारण जिले में आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बिगड़ गई। साढ़े आठ से पहले लोग रजाइयों से निकलने को तैयार नहीं हो रहे। इसके कारण पूरी दिनचर्चा अस्तव्यस्त हो गई है। लोग अलाव और उनी कपड़ों के सहारे हो गए हैं। विगत दिनों से मौसम पूरी तरह साफ है। इसके कारण ठंड बहुत तेज है।ठंड के कारण ऊनी वस्त्रों की बिक्री में भी तेजी आई है। व्यापारियों ने बताया कि ऊनी वस्त्रों की बिकवाली में विगत दिनों की अपेक्षा 20 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। ऊनी वस्त्रों के व्यापारी ने बताया कि इस बार अच्छी ठंड से व्यावसाय ठीक रहने की उम्मीद है।



## सावधान..! मौत का कारण भी बन सकती है ठंड

भला किसे अच्छा नहीं लगता. इस मौसम में खूब सारे ऊनी कपड़े, चाय, तला भोजन लोग पसंद करते हैं. गुनगुनी धूप सेंकना का तो मजा ही अलग है. मगर यही वो मौसम भी है जब स्ट्रोक और हार्ट अटैक के मामलों में काफी बढ़त दर्ज की जाती है. हर साल ऐसे मामले बढ़ते हैं। डॉक्टर्स लोगों को सचेत रहने की हिदायत देते हैं. इस बार भी हाल ऐसा ही है। कैसे ठंड खतरा बन जाती है दरअसल, सर्दियों में शरीर का रक्तचाप बढ़ता है जिसके कारण रक्त धमनियों में क्लॉटिंग होने से स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। ब्रेन स्ट्रोक की प्रमुख वजह रक्तचाप है। रक्तचाप अधिक होने पर मस्तिष्क की धमनी या तो फट सकती है या उसमें रुकावट पैदा हो सकती है। ठंड के मौसम में रक्त गाढ़ा हो जाता है। रक्त की पतली नलिकाएं संकरी हो जाती हैं। रक्त का दबाव बढ़ जाता है। अधिक ठंड पड़ने या ठंडे मौसम के अधिक समय तक रहने पर खासकर उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों में स्थिति गंभीर हो जाती है। सर्दियों में लोग कम पानी पीते हैं जिसके कारण रक्त गाढ़ा हो जाता है. डॉक्टर सर्दियों में अधिक पानी और तरल पदार्थ पीने की सलाह देते हैं।

## टिफिन सेवा भी जीएसटी के दायरे में, एक जनवरी से लागू



**कटनी।** यदि आप घर के बाहर घर का खाना खाना पसंद करते हैं तो 1 जनवरी से घर का खाना महंगा हो जाएगा। फूड डिलीवरी कंपनियों के माध्यम से सप्लाई होने वाले घर के खाने पर 5% GST लगा दिया गया है। 1 जनवरी 2022 से टैक्स का भुगतान करना अनिवार्य हो जाएगा। उन सभी महिलाओं एवं परिवारों को जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा जो फूड डिलीवरी कंपनियों के माध्यम से घर का खाना सप्लाई करते हैं। टिफिन सेंटर चलाने वाली महिलाओं को जीएसटी अनिवार्य करने से कटनी में लगभग एक सैकड़ा महिलाएं क्लाउड किचन के कारण आत्मनिर्भर हो गई हैं। मोटी कमाई नहीं होती लेकिन इतना पैसा मिल जाता है कि घर के खर्चों में हेल्प की जा सके। लॉकडाउन और कोरोनावायरस के कारण बंद हुए स्कूलों के बाद कई महिला शिक्षकों ने रसोईघर का संचालन शुरू कर दिया था। इनमें से किसी के पास जीएसटी रजिस्ट्रेशन नहीं है, लेकिन अब सबको रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा।

## छात्रों ने रैली के माध्यम से मतदान करने लोगों को किया प्रेरित

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल इटौरा के छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**कटनी।** पंचायत निर्वाचन 2021-2022 में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी हो, इसको लेकर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिले के हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल व कॉलेजों में रन फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रैली, दौड़, साइकिल रैली आदि का आयोजन कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। शुक्रवार को सेंस प्रभारी व जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे के मार्गदर्शन में विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र के इटौरा में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल इटौरा के छात्रों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। स्कूल परिसर से रैली का शुभारंभ हुआ और उसके बाद छात्र-छात्राओं ने गांव का भ्रमण कर लोगों को मतदान दिवस पर मतदान अवश्य करने जाने की अपील की। इस दौरान छात्रों के साथ स्कूल का स्टॉफ भी मौजूद था।



## स्कूलों में आनंद सभा सत्र का आयोजन

**कटनी।** शासकीय हाई स्कूल, हिरवारा एवं हीरापुर कौड़िया में कक्षा नौवीं एवं दसवीं के बच्चों के बीच आनंद सभा सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम आनंदम सहयोगी बालमुकुंद मिश्रा के द्वारा बच्चों को एक गतिविधि कराई गई। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने सीखा की हम स्वयं का आकलन कम ना करें। वहीं इस दौरान अनिल कांबले द्वारा आनंद संस्थान का परिचय, आनंद सभा की जानकारी एवं आर्ट आफ गिविंग (मदद) के विषय में विद्यार्थियों से चर्चा की गई। जिसके बाद विद्यार्थियों के लिये एक प्रेरणादायक वीडियो फिल्म का प्रदर्शन भी आनंद सभा सत्र में किया गया। जिसमें यह बताया गया कि हम अपनी पुरानी मान्यताओं एवं अवधारणाओं को, जो हमारे जीवन शैली में अवरोध उत्पन्न कर रही हैं, उन्हें पहचान कर कैसे समाप्त करें। डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर आनंद कांबले ने बताया कि आनंद सभा की गतिविधियों के तहत 20 दिसम्बर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवरी हटाई एवं शासकीय हाई स्कूल, कटंगी कला के विद्यार्थियों के साथ गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

## पुराने आलू की आवक से गिरे रेट



**कटनी।** शहर में इन दिनों बाहर से पुराना आलू आ रहा है। इससे आलू के रेट गिर रहे हैं। चाका के पास स्थिति सब्जी मंडी में यह आलू पहुंच रहा है। शहर के चाका बाइपास स्थिति सब्जी मंडी के व्यापारियों ने बताया कि पुराना आलू ज्यादा मात्रा में पहुंच रहा है चूंकि नए आलू की आवक भी शुरू हो गई है। इससे आलू के रेट विगत दिवस काफी कम हो गए। 4 से 5 रुपये किलो तक आलू बिका है हालांकि अच्छा आलू 12 रुपये से 13 रुपये तक बिक रहा है। आलू इटावा सहित अन्य स्थानों से आ रहा है। आने वाले समय में अच्छी सब्जी मिलने की उम्मीद ऽ सर्दी के मौसम में लोगों को अच्छी सब्जी का स्वाद मिलेगा। अभी थोक में टमाटर 8 सौ रुपये कैरेट आ रहा है यानि इसकी कीमत थोक में करीब 34 रुपये किलो है। व्यापारियों ने बताया 15 से 20 दिनों में रेट काफी कम होने की उम्मीद है। वहीं इससे पहले टमाटर 12 सौ रुपये कैरेट तक बिक चुका है। व्यापारियों ने बताया कि मंडी में अभी मटर के रेट 35 से 40 रुपये किलो तक हैं। आने वाले 15 दिनों में बहुत मटर आने की उम्मीद है। इससे उपभोक्ता को सस्ती दरों में टमाटर मिल सकेगा। व्यापारी संजय कछवाह ने बताया कि ठंडी में अच्छी और सस्ती सब्जी लोगों को मिलने वाली है लेकिन इसके लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। अन्य व्यापारी महेश कुमार ने बताया कि इस बार अच्छी सब्जी आ रही है। इसलिए सब्जियों की विभिन्न वैरायटी भी लोगों को मिलेंगी।

### अब पाला पड़ने के डर से फर मंहगी हो सकती है सब्जियां

कटनी में पाला पड़ने के डर के कारण एक बार फिर से सब्जी मंहगी हो सकतीं हैं। कटनी में बीते दो दिनों से ठंड का प्रकोप जारी है। ऐसे में पाला पड़ने से सब्जियां खराब होने का डर बना रहता है अगर सब्जियां खराब होतीं हैं तो इनकी कमी हो जाती है।

## चिंता भरी ठंड शहर के कई हिस्सों में जलसंकट



**कटनी।** याद करने से ही किसी का दिल घबरा जाएगा। कटनी में भरी ठंड जल संकट का दस्तक ने आने वाली गर्मी की भयंकर तस्वीर सामने रख दी है। नगर निगम भले ही दो टाइम पानी देने का टैक्स वसूल कर एक समय भी पानी नहीं दिया जा रहा। यह गुस्सा लोगों का शनिवार को फूटा जब नगर निगम द्वारा पेयजल की सप्लाई नहीं की गई। अल्पवर्षा के हवाला देकर गर्मी के सीजन तक पानी न दे पाने में अपने आप को अक्षम मानने वाला नगर निगम द्वारा अब सप्ताह में दो दिन शनिवार व बुधवार को पेयजल सप्लाई न करने का फैसला किया है। शनिवार को शहर के अधिकांश वार्डों में पेयजल सप्लाई प्रभावित रही। प्रतिदिन लगभग 40 एमएलडी पेयजल सप्लाई की जानी चाहिए, लेकिन ननि सिर्फ 23 एमएलडी कर रहा था, लेकिन शनिवार को 7 एमएलडी पानी नलकूपों से सप्लाई किया गया। कटनी नदी के बैराज व इंटकवेल से आने वाला पानी लोगों के घरों में नहीं पहुंचा और लगभग 60 फीसदी आबादी प्रभावित रही।



### इन इंटैकवेल से नहीं हुई सप्लाई

तिलक कॉलेज, बस स्टैंड, डनहिल, सावरकर वार्ड जंगल दफ्तार की बड़ी टंकी, सिविल लाइन टंकी की सप्लाई प्रभावित रही। टंकी नंबर एक माधवनगर, टंकी नंबर मानसरोवर कॉलोनी, कलेक्ट्रेट और लखेरा टंकी की सप्लाई प्रभावित रही। लगभग शहर के सभी 45 वार्डों में नदी के पानी की कनेक्टिविटी है, जो प्रभावित रही। बताया जा रहा है कि मार्च में बिल्कुल भी पानी देने की स्थिति में ननि नहीं रहेगा, इसलिए ऐसा किया जा रहा है। शहर के 152 ट्यूबवेल हैं, उनसे सप्लाई हुई है।

नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 17 से दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

## ठंडे बस्ते में हाकर्स जोन, इकलौता बना भी तो व्यापारी नहीं बैठते




**कटनी।** कटनी में पुराने आरटीओ के पास हाकर्स जोन बनाए जाने की शुरुआत होने से छोटे व्यापारियों में खुशी की लहर जगी थी। व्यापारियों को उम्मीद थी कि अन्य स्थानों पर शीघ्र ही हॉकर्स जोन बनेंगे लेकिन प्रक्रिया एक ही हॉकर्स जोन पर रुक गई। यही नहीं हॉकर्स जोन बनने के बाद भी अभी कई व्यापारी सड़क पर ही दुकान लगा रहे हैं। इस पर निगम द्वारा नियंत्रण नहीं लगाया गया है। इसके अलावा अन्य स्थानों पर हॉकर्स जोन न बनने से छोटे व्यापारियों की चिंता है कि कहीं हाकर्स जोन भी कटनी की अन्य योजनाओं की तरह अटक न जाए। हाकर्स जोन न बनने से छोटे व्यापारी जो सड़क पर कपड़े की दुकान लगाते हैं। उन्हें परेशानी हो रही है। नगर निगम ने हाकर्स जोने के लिए 5 स्थान चिन्हित किए हैं। नगर निगम की आबादी करीब 2 लाख है। इस समय दो लाख की आबादी के मान से नगर में नगरनिगम द्वारा चिन्हित स्थान पर्याप्त नहीं माने जा सकते हैं। नगर के अंदर भी अलग-अलग स्थल चयन कर हॉकर्स जोन बनाए जाना चाहिए। क्योंकि यह 5 स्थल सैकड़ों हाथ ठेलों को खड़े करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। व्यापारी अनूप जायसवाल ने बताया कि कभी भी अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू हो जाती है। बिना हाकर्स जोन बनाए छोटा व्यापारी कहां जाएं।

### योजना पर शीघ्र हो अमल


कई वर्षों पुरानी इस योजना पर शीघ्र ही अमल किया जाना चाहिए। क्योंकि बढ़ती आबादी के कारण नगर में यातायात पूरी तरह से अव्यवस्थित हो गया है। इस योजना को अमल में लाने के साथ ही नगर के मुख्य मार्गों पर सब्जी बेचने वालों को भी एक निश्चित स्थान पर बैठाने की मांग समय पर हाकर्स करते रहे हैं। इससे सड़क पर यातायात सुचारु चल सके। इस संबंध में नगरनिगम परिषद की बैठक में प्रस्ताव रखा की बात हुई। इसी क्रम में यहां पर हाकर्स जोन बनाए जाने की शुरुआत हुई है लेकिन कार्य रुका होने से परेशानी हो रही है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज



रोजाना 4 शो ता. 16 से 1,4,7 एवं रात्रि 10 बजे से (हिन्दी में)
SPIDERMAN
(NO WAY HOME )
कलाकार
टॉम हालैंड, जेमी फॉक्स, हैरी हालैंड, अल्फ्रेड, मोलीना आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज



रोजाना 4 शो दोपहर ता. 17 से 12, 3 ,6, एवं रात्रि 9 बजे से (हिन्दी में)
PUSHPA (THE RISE)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

## एक बार फिर कैमरे में दिखी बाघिन



***कटनी।** एक सप्ताह का समय बीतने के बाद भी शावकों को छोड़कर जाने वाली बाघिन को ढूंढा नहीं जा सका है। तमाम प्रयास अब तक विफल रहे शावक ठीक हैं।* विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र में बाघिन अपने एक शावक के साथ घूम रही है लेकिन आज भी वह बच्चों से दूर है। वन विभाग इंतजार कर रहा है कि वह कोई शिकार करे और कुछ देर रुके तो शायद उसे अपने शावकों का ख्याल आए। बाघिन के पगमार्क भी दिख रहे हैं। लेकिन बाघिन है कि आज इधर दिख रही है तो कल कहीं और चली जाती है।

### बाघिन को रोकने जतन में लगा वन अमला

वहीं बाघिन को रोकने वन अमला तरह-तरह के जतन में लगा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बाघिन को लुभाने वन विभाग द्वारा पाड़ा भी बांधा गया लेकिन बाघिन वहां नहीं पहुंची। बाघिन ने वन विभाग की नाक में दम कर रखा है। लाख जतन के बाद भी बाघिन नहीं आ रही है। इससे वन अमला परेशान हो रहा है। डॉग स्क्वाड की मदद से बाघिन को ढूंडने का प्रयास किया जारी हैं। बाघिन मिल भी जाती है लेकिन अब चुनौती उसको शावकों के पास लाने की है। उसके साथ एक छोटा शावक भी है जिसके पगमार्क इन दोनों शावकों से मिल रहे हैं।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार,20 दिसम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## शहर की स्वच्छता को दाग लगा रहे मैरिज गार्डन संचालक



### शादी एवं अन्य समारोह के बाद बचे खाने और डिस्पोजल को खुले में फेंका जा रहा

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा जहां एक तरफ स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत शहर में जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ शहर के कतिपय मैरिज गार्डन संचालकों द्वारा नगर निगम प्रशासन की इस मंशा को पलीता लगाया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक इन मैरिज गार्डनों में शादी एवं अन्य समारोह के बाद बचे हुए खाने और डिस्पोजल को खुले में फेंका जा रहा है, जिससे न केवल पूरे क्षत्र में गंदगी फैल रही है, वरन शहर की स्वच्छता को भी दाग लग रहा हैं। यही नहीं इसके बाद मैरिज गार्डन संचालकों द्वारा एमएसडब्ल्यू के कर्मचारियों पर मनगढंत आरोप लगाकर कचरा उठाने के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगया जा रहा है। ताजा मामला नेशनल हाईवे स्थित होटल अर्जुन पैलेस का सामने आया है, जहां कुछ दिन पहले एक शादी समारोह के बाद बचे हुए खाने और डिस्पोजल सहित बड़ी तादात में एकत्रित किए गए कचरे को बाहर फेंक दिया गया था और कचरे को उठाने के लिए एमएसडब्ल्यू के कर्मचारियों को फोन लगाया गया। बताया जाता है कि एमएसडब्ल्यू की कचरा गाड़ी सुबह से लेकर दोपहर तक शहर के विभिन्न वार्डों, चौराहों और अन्य स्थानों से कचरा उठाने का काम करती है। दोपहर में जब फोन लगाया गया, तब सभी कर्मचारी जा चुके थे। जिस पर उक्त कर्मचारी ने बाहर से लेबर पकड़कर कचरा उठाने और लेबर को रूपए भुगतान की बात कही। जिसको लेकर होटल प्रबंधन ने नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे से एमएसडब्ल्यू के कर्मचारियों द्वारा रूपए मांगने की झूठी शिकायत कर दी। आयुक्त ने भी इस पूरे मामले में होटल प्रबंधन का पक्ष लेते हुए कर्मचारी को नोटिस थमा दिया, जबकि इस मामले में कर्मचारी का कहना था कि उसके द्वारा रूपयों की मांग नहीं की गई। होटल प्रबंधन द्वारा झूठी शिकायत की गई थी। होटल प्रबंधन द्वारा इसके पहले भी कईयों बार इस तरह का रवैया अपनाया जा चुका है। बहरहाल इस पूरे प्रकरण में होटल प्रबंधन पर भी गंदगी फैलाने के लिए कार्यवाही किए जाने की मांग उठ रही है।



## ट्रेनों की गति बढ़ते ही अब सुरक्षा पर रेलवे का फोकस

### ट्रेन दुर्घटनाएं रोकने गांव-गांव जागरूकता अभियान, ग्रामीणों को समझाइश दे रहा आरपीएफ

**कटनी।** रेलवे यात्री सुरक्षा को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। रेलवे के द्वारा यात्रियों को सुरक्षित एवं समय की बचत के साथ उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए सुरक्षा की उच्च तकनीकों को अपनाया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल ने बुनियादी ढांचों का उन्नयन कर अपने कई रेलखंडों में ट्रेनों की अधिकतम गतिसीमा 130 किमी प्रतिघंटे तक कर दी है। ऐसे में लोगों द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करना अत्याधिक आत्मघाती एवं रेलवे के लिए खतरनाक हो सकता है। रेलवे नियमों का उल्लंघन करने से रेल के साथ-साथ रेल यात्रियों के लिए भी जानलेवा साबित होता है। रेलवे ट्रैक के निकट बनाये गये अनाधिकृत रास्तों से आने-जाने से घटनायें घटित हो जाती हैं। जिससे अनाधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार करने वालों को जानमाल की क्षति तो पहुंचती ही है। साथ ही साथ रेल संपत्ति के नुकसान की अपार संभावना भी प्रबल हो जाती है। ट्रेनों की गति बढ़ने के कारण यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर पश्चिम मध्य रेल ने अधिक से अधिक रोड ओवर ब्रिजों एवं रोड अंडर ब्रिजों का निर्माण कर दिया है एवं शेष स्थानों पर ब्रिजों का तेजी से निर्माण करने की दिशा में रात दिन जुटा हुआ है। पश्चिम मध्य रेल भारतीय रेल पर प्रथम ऐसा जोन है, जिसने भारतीय रेल पर सर्वप्रथम अपने क्षेत्राधिकार में सभी मानव रहित समपार फाटकों को बंद कर दिया था। पश्चिम मध्य रेल के क्षेत्राधिकार में अब कोई भी मानव रहित समपार फाटक नहीं हैं। सभी समपार फाटकों पर गेटमेनों की तैनाती कर दी गई है। साथ ही साथ संरक्षा एवं सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से अधिकतर समपार फाटकों की इंटरलॉकिंग कर दी गई है। शेष समपार फाटकों को भी इंटरलॉकिंग करने की दिशा में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं।

#### पमरे की लोगों से अपील

पश्चिम मध्य रेल ने लोगों से यह अपील कि है कि कोई भी व्यक्ति रेल टैक पार करने के लिए हमेशा समपार फाटकों का प्रयोग करें ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। अनाधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश कदापि न करें क्योंकि ट्रेनों की गति अत्यंत तेज होने के कारण प्रतिमिनट लगभग 02 किमी की दूरी तय करती है। ऐसे में थोड़ी सी भी लापरवाही से दुर्घटना हो सकती है। अतः आमजन से अपेक्षा की जाती है कि रेलवे सुरक्षा मानकों का अनुपालन करें तथा दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें।

#### मवेशियों को पटरियों से रखें दूर

रेल पटरी पर मवेशियों के आने की घटनाओं को रोकने के लिए पश्चिम मध्य रेल पर रेल सुरक्षा बलों द्वारा लगातार व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रेलवे ट्रैक के नजदीक के गांवों एवं बस्तियों में जगह-जगह पर जागरूकता संबंधी बैनर लेकर मवेशी मालिकों को अपने पालतू जानवरों को रेल पटरियों पर नहीं आने देने के लिए समझाया जा रहा है। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उन्हें समझाईश दी गई है कि वे रेलवे ट्रैक पर अपने जानवरों को नहीं आने दें। इससे ट्रेन से टकराकर बेजुवान जानवरों की जान जा सकती है, साथ ही रेल संरक्षा भी प्रभावित हो सकती है। रेल सुरक्षा बल द्वारा ग्राम सरपंचों से भी आग्रह किया जा रहा है कि वह अपनी पंचायत में निवासरत लोगों को अपने स्तर से समझाईश दें कि कोई अपने जानवरों को रेल ट्रैक पर न जाने दें अन्यथा जानवरों के मालिकों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खाद्य पदार्थो में मिलावट के पर ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं शिकायत

**कटनी।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत किये जाने वाले विविध कार्यो को समग्र पोर्टल पर लाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एम.आई.एस. शिकायत पोर्टल पोषण प्रारंभ किया गया है। जिस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 विनियम 2011 के प्रावधान, नियम का खाद्य कारोबार कर्ता द्वारा पालन न किये जाने एव पदाथों में मिलावट अथवा अनियमितता संबंधी आम नागरिकों द्वारा गोपनीय तरीके से करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके लिये नागरिक विभागीय वेबसाईट के यूआरएल उचकिंउपेण्पद पर जाकर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 के अन्तर्गत समस्त खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य लायसेंस, पंजीयन लेना अनिवार्य है। साथ ही 1 जनवरी से खाद्य कारोबारकर्ताओ द्वारा दिए जाने वाले बिल पर खाद्य लायसेंस पंजीयन नम्बर डालना अनिवार्य हैं।

## ठंड के साथ शुरू हुआ गांव-गांव चंदी मेलों का दौर





### शहर के लोगों को भी आकर्षित कर रहे गांव के मेले

**कटनी।** ठंड का मौसम शुरू होने के साथ ही जिले की अलग-अलग ग्राम पंचायतों में वार्षिक चंदी मेलों का आयोजन भी शुरू हो गया है। गांव-गांव लग रहे ये चंदी मेले शहर के लोगों को भी आकर्षित कर रहे हैं तथा शहर के लोग इन मेलों में जाकर सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में भी जमकर शेयर कर रहे हैं। गौरतलब है कि जिले की अधिकांश ग्राम पंचायतों में वार्षिक चंदी मेला की परपंरा बहुत पुरानी है हालांकि पिछले दो वर्ष कोरोना संक्रमण की वजह से ऐसे मेलों का आयोजन नहीं किया जा सका लेकिन इस वर्ष कोरोना की रफ्तार कम होने के कारण मिली छूट की वजह से एक बार फिर ग्राम पंचायत व ग्राम स्तर पर चंदी मेलों का आयोजन ठंड शुरू होने के साथ ही शुरू हो गया है। जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत पड़रिया में दो दिवसीय चंदी मेला का आयोजन कल रविवार से शुरू हुआ। मेले में मिठाइयों, बर्तनों, चाट पकौड़ी, खिलौने के अलावा ग्रामीणों के हर जरूरत का सामान उपलब्ध है। वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले व सर्कस सहित मौत का कुआं भी लगाया गया है। मेले में आसपास के कई गांव के लोग पहुंच रहे हैं। वहीं शहर के लोग भी इन मेलों को देखने के लिए पहुंच रहे हैं।

#### मकर संक्राति से लगेगा सतधारा का मेला

भगवान सूर्य के अयन परिवर्तन का वक्त करीब आ रहा है। 14 जनवरी को वे मकर राशि में प्रवेश करने के साथ उत्तरायण हो जाएंगे। सूर्य के उत्तरायण होने की खुशी में मेलों के आयोजन का दौर सदियों से चला आ रहा है। मकर संक्रांति पर पवित्र नदियों और सरोवरों में स्नान के साथ लड्डुओं के जायके का दौर चलेगा। देश की मिट्टी से जुड़ी परम्परा की सोंधी खुशबू फिर महक उठेगी। संक्रांति पर में कई मेले भरते हैं लेकिन जबलपुर व कटनी जिले की सीमा रेखा पर स्थित सिहोरा तहसील के कुम्ही गांव में हिरन नदी के किनारे आयोजित होने वाले सतधारा के एतिहासिक मेले की बात ही अलग हैं। इस दस दिवसीय मेले शुभारंभ 14 जनवरी को होगा। इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। यहां हिरन नदी सात धाराओं में बटी नजर आती है। नदी की इन धाराओं के सात भागों में विभक्त होने के पीछे भी एक रहस्य समाया हुआ है।

## धूल खा रहे चौराहे नगर परिषद के अफसर बने उदासीन



### अधर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना

**कटनी/बरही।** नगर परिषद बरही के चौराहों को आकर्षक व सुंदर लुक देने के मकसद से क्षेत्र के विधायक व पूर्व राज्यमंत्री संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा विधायक निधि से चौराहे, तिराहे में मूर्ति स्थापना सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया था जो नगर परिषद की अनदेखी से धूल खा रहे है। जिनकी न तो साफ सफाई हो रही है और न ही इनमें रंग-रोगन का कार्य कराया है। जिससे ये चौराहे महज शोपीस की तरह खड़े अपनी अनदेखी बयां कर रहे है। इन चौराहों के निर्माण के साथ ही फव्वारा भी लगाया गया था लेकिन वे भी बंद पड़े हुए है। साल में महज दो बार 15 अगस्त व 26 जनवरी के पूर्व नगर परिषद धोखे से सुध लेकर साफ सफाई कराकर सालभर की रस्म अदायगी निभा दी जाती है। अब नए सीएमओ के आने के बाद इनके कायाकल्प की उम्मीद की जा रही है। नगर के पुराने बस स्टैंड कमानिया गेट के पास सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना पर पिछले 1 साल से विचार चल रहा था। बरही पुलिस भी चौराहे में कैमरे लगवाने के प्रयास में थी। तात्कालिक प्रशासक प्रिया चंद्रावत ने भी इसके लिए सहमति दी थी। जिससे यातायात व्यवस्था के साथ आए दिन होने वाली चोरी की वारदातों पर निगरानी रखी जा सके लेकिन अभी तक सीसीटीवी कैमरे लगवाने की योजना पर अमल नही किया गया। लोग पूछ रहे है कि आखिर नगर के चौराहों में कैमरे कब लग जाएंगे।

## 870 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 33 लीटर 22 पाव अवैध शराब जप्त

### शनिवार को बड़वारा क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

**कटनी।** अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को आबकारी वृत्त बड़वारा अंतर्गत विभागीय अमले द्वारा कार्रवाई करते हुये अवैध मदिरा एवं महुआ लाहन जप्त कर संबंधितों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि शनिवार को आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त बड़वारा अंतर्गत ग्राम सिजहरा, बिचपुरा, बड़गांव, बरनमंहगवां में दबिश दी गई। इस दौरान 870 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 33 लीटर अवैध हाथभट्टी मदिरा और 22 पाव व्हिस्की जप्त की गई है। कार्रवाई में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत 4 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। इस कार्रवाई में जप्तशुदा महुआ लाहन तथा अवैध शराब का अनुमानित मूल्य 51 हजार 210 रुपये है। मौके पर महुआ लाहन का सैम्पल लेकर आबकारी दल द्वारा नष्ट कर दिया गया है।



## डन कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान ढहाया

### सड़क के लिए रास्ता नहीं देने पर आधी रात असामाजिक तत्वों ने दिया वारदात को अंजाम



**कटनी।** बरगवां स्थित डन कॉलोनी में बीती रात असामाजिक तत्वों द्वारा एक निर्माणाधीन मकान को तोड़ने का मामला सामने आया है। इस पूरे मामले में मकान स्वामी पैट्रिक डन द्वारा कतिपय भू-माफियाओं पर मकान को गिराए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस एवं प्रशासन से कार्यवाही की मांग की गई है। जानकारी के मुताबिक मदन मोहन चौबे वार्ड बरगवां स्थित डन कॉलोनी में पैट्रिक डन द्वारा एक मकान का निर्माण करवाया जा रहा है। कल रविवार को मकान की दीवार खड़ी की गई। आज सुबह जब मकान मालिक मौके पर पहुंचे तो मकान क्षतिग्रस्त पाया गया। रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा मकान की दीवारें तोड़ दी गई और नुकसान पहुंचाया गया। पैट्रिक डन ने बताया कि यह कृत्य कतिपय भू-माफियाओं द्वारा अंजाम दिया गया है, जिनकी पीछे जमीन है और वो बीच से रोड निकालना चाह रहे थे। कॉलोनाइजर पैट्रिक डन से सड़क के लिए जमीन मांग रहे थे लेकिन डन द्वारा जमीन न दिए जाने के बाद मकान को गिराने की वारदात को अंजाम दिया गया।

**कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)**

क्रं./6892/लोनिवि/निर्माण/2021-22 **निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी, दिनांक-17/12/2021

नगरपालिक निगम, कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार म.प्र. शासन, लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदाकार को मल्टीकलर आर्ट पेटिंग, मल्टी कलर वॉल पेंटिग विथ ऑइल पेंट एवं ग्रेफिटी आर्ट वर्क आदि कार्य अनुभव होना आवश्यक है। निविदायें प्रतिशत दर पर दी जावें। समस्त शर्ते व जानकारी अधोस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा https://www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (रूपए में) | अमानत राशि (रूपए में) | समय अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपए में) | निविदा आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत नगर निगम सीमान्तर्गत विभिन्न गतिविधियां के लिए विभिन्न वार्डों में वॉल पेटिंग कार्य बावत | 8.43 | 8430 | 180 दिवस | 2000 | प्रथम |

**निविदा का शेड्यूड निम्नानुसार है:-** (1) निविदा प्रपत्र क्रय एवं विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 21-12-2021 को सायंकाल 5:30 से। (2) निविदा प्रपत्र क्रय एवं विड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05-01-2022 को सायंकाल 5:30 तक। (3) विड खोलने की तिथि 07-01-2022 को दोपहर 13:00 बजे से।

**(आयुक्त महोदय के आदेशानुसार)**

**कार्यपालन यंत्री नगरपालिक निगम, कटनी**

**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

**डॉ. हितेश लोकवानी**

एम.बी.बी.एस., एम.डी. , डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट

(दिनांक 25/12/2021) समय प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक)

**।। उपलब्ध उपचार ।।**

कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना

**हर माह के चौथे शनिवार को प्रातः 11 बजे से 3:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।**

**नोटः असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।**

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

**प्रॉपर्टी डीलर**

कटनी शहर में प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने, किराये पर लेने-देने हर तरह के प्लाट, मकान एवं कृषि भूमि उपलब्ध है।

संपर्क- राजेश भाषाणी

मो. 9300056824

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति

सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति

पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)

मो. 8109417340

# यातना से कम नहीं तीन किलोमीटर का सफर

## लमतरा ओव्हर ब्रिज के वैकल्पिक मार्ग की सुध नहीं ले रहे जिम्मेदार अधिकारी

**कटनी।** विजयराघवगढ़, कैमोर और बरही क्षेत्र सहित बांधवगढ़ नेशनल पार्क और उमरिया, शहडोल की तरफ से कटनी की यात्रा करने वाले हज़ारों यात्रियों को पिछले लगभग 6 महीने से करहा नाला रेल अंडर पास से होकर लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया होते हुए शहडोल बाईपास तक का सफर तय करना पड़ रहा। लगभग तीन से चार किलोमीटर का यह सफर यात्रियों के लिए बेहद तकलीफदेह साबित हो रहा। इसी साल जुलाई माह की शुरुआत में लमतरा रेल फाटक पर बने ओव्हरब्रिज के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण प्रशासन ने ओव्हरब्रिज पर आवागमन बंद कर दिया था तभी से लोग मजबूरी में रेल फाटक से थोड़ी दूर आगे पटवारा की ओर बने इस अंडर पास से यात्रा कर रहे। अंडर पास होते हुए लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया होकर शहडोल बाईपास मार्ग तक पहुंचने वाले इस मार्ग को जिला प्रशासन ने ही वैकल्पिक मार्ग घोषित किया था पर अब इस मार्ग पर आवागमन में यात्रियों को हो रही परेशानी की ओर प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा।

### इंडस्ट्रियल एरिया के विकास के लिए मिली राशि से किया जा सकता है डामलीकरण





इस वैकल्पिक मार्ग पर यात्रा करने वाले नागरिकों ने बताया कि अन्य कोई उपयुक्त मार्ग नहीं होने के कारण न केवल कैमोर, विजयराघवगढ़, बरही और बांधवगढ़ की ओर से कटनी आने जाने वाले वाहनों को यहां से होकर गुजरना पड़ रहा बल्कि उमरिया-शहडोल की ओर से आने वाले सभी तरह के वाहन भी इसी मार्ग का उपयोग कर रहे। मैहर, सतना की तरफ से आकर उमरिया-शहडोल या छत्तीसगढ़ की ओर जाने वाले वाहन भी इसी मार्ग से आते जाते हैं। आस पास के सैकड़ों ग्रामीण जो पैदल या सायकल पर सफर करते है वो अपनी जान जोखिम में डालकर सीधे रेल्वे ट्रैक पार करके इस पार से उस पार आते जाते हैं। यह मार्ग इंडस्ट्रियल एरिया के मोड़ से शुरू होता है जो इंडस्ट्रियल एरिया होते हुए करहा नाला रेल अंडर पास से निकल कर कान्हवारा की ओर जाने वाली सड़क पर जाकर खत्म होता है। पूरा मार्ग लगभग तीन से चार किलोमीटर का है पर इसे पार करने में आधे घन्टे से भी अधिक का समय लग जाता है। अक्सर अंडर पास एरिया में किसी वाहन के फंस जाने पर किसी अन्य वाहन के निकलने की जगह नहीं होती जिससे यहां कई कई घन्टे जाम लगा रहता है और यात्री तथा वाहन चालक परेशान होते हैं। अंडरपास की दो पुलियों में से एक पुलिया का उपयोग ही आवागमन के लिए हो पा रहा। दोनों ओर से आने जाने वाले वाहन इसी पुलिया से होकर निकलते हैं। बगल की दूसरी पुलिया से इंडस्ट्रियल एरिया से निकलने वाला दूषित पानी कीचड़ के साथ मिलकर बहता है। जिसकी दुर्गन्ध फैली रहती है। कई बार जल्दी निकलने के चक्कर में दुपहिया वाहन चालक नाले में गिर जाते हैं। पूरा मार्ग कच्चा है जिस पर धूल उड़ती रहती है। थोड़े से सफर में ही यात्री धूल से सन जाते हैं। जब इस मार्ग को वैकल्पिक मार्ग बनाया गया था तब इसकी जिम्मेदारी कलेक्टर द्वारा एसडीएम को सौंपी गई थी। वर्तमान में कटनी की एसडीएम प्रिया चन्द्रावत कैमोर से अप-डॉउन करतीं हैं। कटनी तबादला हो जाने के बाद भी उन्होंने कैमोर स्थित एसीसी का बंगला खाली नहीं किया। वे रोज इसी मार्ग से होकर गुज़रती हैं। अन्य अधिकारी भी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं बावजूद इसके इस खस्ताहाल मार्ग को दुरुस्त नहीं किया जा रहा। बताया गया कि मार्च-अप्रैल में राज्य शासन द्वारा लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया में अधोसंरचना विकास के लिए करोड़ों का फंड स्वीकृत किया था। इस फंड की राशि का उपयोग इंडस्ट्रियल एरिया से लेकर अंडरपास तक कि सड़क के डामलिकरण कार्य में किया जा सकता है। कल शनिवार की सुबह भी अंडरपास में एक वाहन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण घंटों जाम की स्थिति बनी रही और जाम में फंसे लोग इस दुर्दशा के लिए प्रशासन के अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक को कोसते रहे।

# पंचायत चुनाव : कलेक्ट्रेट में की जा सकेगी शिकायत

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन निर्वाचन के तहत प्रथम चरण के लिये चयनित विकासखण्ड रीठी एवं बहोरीबंद एवं द्वितीय चरण के लिये विकासखण्ड बड़वारा एवं कटनी में नाम निर्देशन प्राप्त करने की कार्यवाही 13 दिसम्बर से जारी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन ने बताया कि स्थानीय निर्वाचन के लिये कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष क्रमांक 37 में शिकायत शाखा स्थापित की गई है। जिसका दूरभाष नंबर 07622-226210 है। जिस पर कोई भी आम नागरिक कार्यालयीन अवधि में स्थानीय निर्वाचन से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत शाखा के लिये डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा को नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलवाराकला राजेश अग्रहरि को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।




### प्रथम चरण के लिए रेंडमाईजेशन 21 दिसम्बर को

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार कटनी जिले में प्रथम चरण में जनपद पंचायत बहोरीबंद एवं रीठी के त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत जनपद एवं जिला पंचायतों के सदस्यों के निर्वाचन होगा। निर्वाचन प्रक्रिया के लिये प्रथम रेण्डमाईजेशन की कार्यवाही 21 दिसम्बर को होगी। रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से रैण्डमाईजेशन प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### बरही के प्रभारी तहसीलदार करेंगे मतपत्रों की प्रूफरीडिंग

**कटनी।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 के लिये पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिये निर्वाचन के लिये नाम निर्देशन पश्चात प्रत्येक वार्ड एवं निर्वाचन क्षेत्र में मतपत्र प्रिटिंग के दौरान मतपत्रों की प्रूफकी जांच के लिये प्रभारी तहसीलदार बरही जीतेन्द्र कुमार पटेल को नियुक्त किया गया है। इस संबंध में रिटर्निंग ऑफीसर बड़वारा द्वारा आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत निर्देशित किया गया है कि प्रुफरीडिंग में बहुत अधिक सावधानी अपेक्षित है, असावधानी के कारण यदि मतपत्रों को दोबारा मुद्रित कराना पड़ा, तो उसके हुये व्यय की जिम्मेदवारी संबंधित अधिकारी की होगी।

## निर्वाचन प्रेक्षक के लिये लाइजनिंग ऑफीसर नियुक्त

**कटनी।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कटनी जिले के लिये भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवा निवृत्त अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद मिश्रा को प्रेक्षक नियुक्त किया है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रेक्षक श्री मिश्रा 19 दिसम्बर, 23 दिसम्बर तथा 5 जनवरी 2022 से 10 जनवरी 2022 तक जिले में रहकर निर्वाचन कार्य का पर्यवेक्षण करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन साधना परस्ते ने निर्वाचन प्रेक्षक के लिये लाईजनिंग अधिकारियों को नियुक्त कर ड्यूटी आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत नोडल ऑफीसर फॉर ऑब्जर्वर एवं जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में नियुक्त अधिकारियों को कार्य करने के निर्देश दिये गये हैं। ड्यूटी आदेश के तहत खाद्य निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग संजय कुमार गुप्त, खनिज निरीक्षक खनिज विभाग अशोक कुमार मिश्रा तथा खनिज निरीक्षक खनिज विभाग शैलेन्द्र सिंह को लाईजनिंग अधिकारी नियुक्त किया है।

# लोगों को लुभा रहा वूलन मार्केट

## गर्म कपड़ों की सौगात लेकर कटनी आए तिब्बती



**कटनी।** मुड़वारा स्थित चौपाटी में तिब्बती वूलन मार्केट वर्ष में भले ही चार माह के लिए खुलता है, लेकिन चौपाटी की रौनक ही बदल जाती है। तिब्बतियों द्वारा साफ-सफाई में जुटने से यहां के स्थाई दुकानदारों को अच्छा संदेश मिलता है। ठंड के मौसम में सजे-धजे मार्केट जहां ग्राहकों को आकर्षित करते हैं वहीं रंग-बिरंगे गर्म स्वेटर,जर्सी एवं अन्य कपड़े यहां पर किफायती दामों में असानी से मिल जाते हैं। कटनी जिले के लोगों से इनका 30 वर्षों का रिश्ता है। हर साल तिब्बती व्यवसायी मेल-जोल के साथ सद्भाव का संदेश भी देते हैं। इनका कारोबार जिले को पंसद आ रहा है इसीलिये इनका इंतजार उपभोक्ताओं को हर वर्ष रहता है। हलांकि इनके जाने के पश्चात चौपाटी में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा और टूटी बोतलें जमा होने लगती है। तिब्बतियों के प्रधान ने एक मुलाकात में बताया कि हमें हर वर्ष मार्केट लगाने से पहले आवेदन की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है महीना पन्द्रह दिन इसी में लग जाता है। अफसरों के बदल जाने से परिचय के अभाव में काम कराने में कठिनाईयां होती हैं। तिब्बती व्यवसायियों का कहना है कि हमारे लिए आवंटित जगह को स्थाई कर दिया जाए तो आवेदन की प्रक्रिया से गुजरने में लगने वाले समय में बचत हो सकती है। प्रशासन इन्हें सहयोग तो करता है किंतु कुछ सुविधाएं और मिलने लगें तो इनके व्यवसाय में मुनाफा हो सकता है।

### नए वर्ष में विवाह के बंपर मुहूर्त

सनातन हिंदू धर्म में बिना मुहूर्त के शादियां नहीं की जाती हैं। लोग शुभ मुहूर्त देखकर ही शादियां करते हैं। चाहे कितने ही दिन रुकना पढ़े। ऐसे में 2021 की बात करें तो शादी के शुभ मुहूर्त काफी कम थे, दूसरा कोरोना के कारण भी शादियां कम हो पाईं, लेकिन 2022 शादियों के लिए अनेकों शुभ मुहूर्त लेकर आ रहा है। 16 दिसंबर से खरमास शुरू हो गया है। सूर्य की धनु राशि के कारण खरमास का प्रारंभ होता है। इन दिनों सभी तरह के मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। मकर संक्रांति 14 जनवरी तक खरमास रहेगा। जिसके कारण विवाह के मुहूर्त नहीं होंगे। पर वर्ष 2022 में 90 दिन विवाह के लिए शुभ मुहूर्त होंगे जो काफी ज्यादा हैं।

## 23 दिसम्बर तक जिले के प्रवास पर रहेंगे निर्वाचन प्रेक्षक

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसमें जिले के प्रथम चरण हेतु चयनित विकासखण्ड रीठी एवं बहोरीबंद एवं द्वितीय चरण हेतु विकासखण्ड बडवारा एवं कटनी में नाम निर्देशन प्राप्त करने की कार्यवाही 13 दिसम्बर से प्रारंभ हो चुकी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन साधना परस्ते ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा नागेन्द्र प्रसाद मिश्रा, आई.ए.एस. सेवानिवृत्त को मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 19 (क) के अन्तर्गत कटनी जिले हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया गया है, जिनका मोबाईल नम्बर 9425361836 है। प्रेक्षक श्री मिश्रा का निवास माधवनगर स्थित सर्किट हाउस कक्ष क्रमांक 04 में रहेगा, जहां का दूरभाष क्रमांक 07522-220017 है। प्रेक्षक श्री मिश्रा 19 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान जिले में हो रहे चुनाव प्रचार-प्रसार एवं तैयारियों आदि का निरीक्षण करते हुये स्वतंत्र व निष्पक्ष वातावरण में निर्धारित प्रक्रिया अनुसार स्थानीय निर्वाचन की गतिविधियां सुनिश्चित करायेंगे।

## घर में घुसकर महिला व युवती से मारपीट

### जमीनी विवाद पर विजयराघवगढ़ में वारदात

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत जमीनी विवाद के कारण युवक ने घर में अकेली महिला के साथ अभद्रता की और मारपीट की वारदात को अंजाम दिया। बीच बचाव करने पहुंची युवती के साथ भी युवक ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बताया जाता है कि दीपक खटीक ने घर में घुसकर अभद्रता की और मारपीट की। इसी परिवार की एक युवती से भी युवक ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला, युवती और उसके परिजन विजयराघवगढ़ थाने पहुंचे जहां पुलिस के समक्ष आपबीती सुनाते हुए उन्होंने न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित युवती ने बताया कि आरोपी द्वारा नेताओं के पास पहुंच मजबूत होने की धौंस बताता है, आए दिन विवाद की स्थितियां निर्मित की जाती हैं।

## हीरापुर कौड़िया के शासकीय हाई स्कूल में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर



**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में, जिला न्यायाधीश/सचिव दिनेश कुमार नोटिया तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी बी.डी. दीक्षित के दिशा-निर्देशन में शुक्रवार को शासकीय हाई स्कूल हीरापुर कौड़िया में विधिक साक्षरता शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पैरालीगल वालेंटियर रवि नामदेव ने बच्चों को साईबर क्राइम, बाल संरक्षण, ड्रायविंग लाइसेंस, बालक-बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं, ई-सेवा तथा ई-न्यायालय से संबंधित विषयों पर जानकारी प्रदान की। साथ ही ''पंच जा'' अभियान को अग्रसर करते हुये बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति को हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त रखने तथा स्वच्छता का संदेश प्रदान किया। उक्त कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य श्री एन.पी. गुप्ता, शिक्षकगण सहित स्कूल के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## जनपरिषद में नए सत्र के लिए हुई नियुक्तियां

### राजेश श्रीवास्तव प्रखर कटनी चैप्टर के और नीलम जगवानी बनी वूमन विंग की अध्यक्ष





**कटनी।** साहित्य, संस्कृति एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय संस्था जनपरिषद में नए सत्र 2022 के लिए भोपाल से नियुक्तियां कर दी गई हैं। जनपरिषद के कटनी चैप्टर के संरक्षक एवं जाने माने हास्य व्यंग्यकार मनोहर मनोज एवं कटनी चैप्टर के सूत्रधार आशीष सोनी की अनुशंसा पर चेयरमैन एन के त्रिपाठी सर ने कवि राजेश प्रखर जी को कटनी चैप्टर का अध्यक्ष तथा सक्रिय समाजसेवी श्रीमती नीलम जगवानी जी को वूमेन विंग का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस आशय की जानकारी जनपरिषद भोपाल के संयोजक रामजी श्रीवास्तव ने दी।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के चलते थानों मे जमा किए जा रहे शस्त्र

### बिना अनुमति शस्त्र नहीं रख सकेंगे लायसेंस धारी



**कटनी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के चलते आचार संहिता लागू होने के साथ ही सभी बंदूक धारियों को अपने अपने शस्त्र थानों में जमा करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसी तारतम्य में बंदूक धारी अपनी अपने बंदूकें लेकर थाने पहुंच रहे हैं और जमा करा रहे हैं। निर्देशों के बावजूद अगर कोई थाने में गन जमा नहीं करता है तो उसके विरूद्ध पुलिस प्रशासन कार्रवाई करेगा। बंदूक सहित अन्य शस्त्र लायसेंस होल्डरों द्वारा पंचायत चुनाव में असलहों को लेकर मतदाताओं के साथ रौब न जमाए इस बात को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा चुनाव से पहले ही गन थानों में जमा करा लिए जाते हैं। पुलिस ने बताया कि गार्ड या अन्य सुरक्षा एजेंसियां जो बंदूक जमा नहीं करना चाहते उन्हें एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। जो लोग बिना अनुमति के बंदूक अपने पास रखेंगे या थाने में जमा नहीं करेंगे उनके लायसेंस निरस्त करने अथवा प्रशासन से प्राप्त निर्देशों के तहत कार्रवाई की जा सकेगी।

## 24 को जनपद मुख्यालय में होगी ईवीएम मशीनों की कमिशनिंग

### जनपद पंचायत बहोरीबंद एवं रीठी के लिये दल किये गये गठित

**कटनी।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021-22 अंतर्गत जिला एवं जनपद पंचायत के अभ्यर्थियों के निर्वाचन के लिये ईवीएम मशीनों की कमिशनिंग जनपद पंचायत मुख्यालय पर 24 दिसम्बर 2021 से कार्य समाप्ति तक की जायेगी। इस कार्य के लिये रिटर्निंग ऑफीसर के मार्गदर्शन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुये संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन साधना परस्ते ने आदेश जारी किया है। इस संबंध में जारी आदेश के तहत जनपद पंचायत बहोरीबंद में ईवीएम कमिशनिंग कार्य के लिये 25 दलों को नियोजित किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत रीठी अंतर्गत कमिशनिंग कार्य के लिये 25 दल नियोजित किये गये हैं। प्रत्येक दल में दल प्रभारी सहित एक सहायक एवं एक भृत्य शामिल हैं।

## निर्वाचन के दौरान निर्बाध रहे विद्युत आपूर्ति

### उप जिला निर्वाचन ने अधीक्षण अभियंता को निर्देश जारी

**कटनी।** त्रि-स्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन 2021-22 के लिये निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार मतदान तीन चरणों में होगा। जिसमें प्रथम चरण का मतदान 6 जनवरी 2022 एवं द्वितीय चरण का मतदान 28 जनवरी 2021 तथा तृतीय चरण का मतदान 16 फरवरी 2022 को होगा। वर्तमान में पंच, सरपंच, जनपद सदस्रू एवं जिला पंचायत सदस्य के नाम निर्देशन का कार्य प्रचलन में है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार विद्युत प्रवाह निर्बाधित करने के निर्देश उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने अधीक्षण अभियंता, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कटनी को दिये हैं। जिससे निर्वाचन प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न ना हो।

## भारत स्काउट गाइड के बेसिक प्रशिक्षण शिविरों का हुआ समापन





**कटनी।** भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश राज्य मुख्यालय भोपाल के तत्वाधान में संभाग स्तरीय बेसिक, मास्टर स्काउट मास्टर रोवर लीडर गाइड कैप्टन रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी में किया गया। जिसमें कटनी जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 55 यूनिट लीडर ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर का संचालन लीडर ट्रेनर शहडोल शिवेंद्र द्विवेदी, असिस्टेंट लीडर ट्रेनर शिवपुरी मुकेश कुशवाह, असिस्टेंट लीडर ट्रेनर कटनी ललित मिश्रा, लीडर ट्रेनर सतना, लीडर ट्रेनर संतोष सिंह एवं लीडर ट्रेनर सागर कंचन सिंह द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान यूनिट लीडर्स को स्काउट गाइड के बेसिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें नियम प्रतिज्ञा, झंडा गीत मैपिंग स्टार्गेजिंग प्राथमिक चिकित्सा दल संचालन युवा एडवांसमेंट ध्वज शिष्टाचार नाइट हाइक बीपी व्यायाम कैंफायर आदि विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सहायक राज्य संगठन संभाग जबलपुर आयुक्त सुखदेव सिंह चौहान एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट पी पी सिंह जी उपस्थित रहे। कार्यक्रमों में प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिन्हें अतिथियों द्वारा खूब सराहा गया।

# नामांकन दाखिल करने उम्मीदवारों का मेला

## पहले चरण के लिए बहोरीबंद और रीठी जनपदों में 1285 पदों के लिए 6 जनवरी को होगा मतदान

**आज अंतिम दिन जनपदों में रही भारी गहमागहमी**

**कटनी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले और दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन रहा। जिले की चार जनपद पंचायतों में आज सुबह से ही नामांकन जमा करने काफी गहमागहमी रही। नाम निर्देशन पत्र जमा करने उम्मीदवारों का मेला लगा रहा। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के पदों के लिए बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने रिटर्निंग ऑफीसर के समक्ष उपस्थित होकर अपने नामांकन दाखिल किए। पहले चरण के तहत जिले की बहोरीबंद और रीठी जनपद पंचायत में 6 जनवरी को मतदान कराया जाएगा।**

बहोरीबंद में एक लाख 52 हजार 507 मतदाता और रीठी में 97 हजार 750 मतदाता कुल 1285 पदों के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बहोरीबंद में 263 और रीठी में 169 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। आज नामांकन दाखिल होने के तत्काल बाद नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी और इसके उपरांत चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद कल से ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों द्वारा अपने पक्ष में जनसमर्थन हासिल करने मतदाताओं से सघन जनसंपर्क किया जाएगा। जनसंपर्क के लिए उम्मीदवारों को लगभग एक पखवाड़े का समय मिलेगा। इस दौरान मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए जाएंगे।



### जिले में किस चरण में कहां होगा मतदान

| चरण | जनपद पंचायत | तारीख |
|---|---|---|
| प्रथम चरण | बहोरीबंद, रीठी | 6 जनवरी |
| द्वितीय चरण | बड़वारा, कटनी | 28 जनवरी |
| तृतीय चरण | विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा | 16 फरवरी |

### पहले चरण में मतदाता

| | | | |
|---|---|---|---|
| बहोरीबंद | 263 | 152507 | 18 |
| रीठी | 169 | 97750 | 04 |

### पहले चरण में 1285 पदों पर रहे चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पहले और दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन रहा। पहले चरण में बहोरीबंद और रीठी में 6 जनवरी को मतदान कराया जाएगा। जिसमे बहोरीबंद में जिला पंचायत सदस्य के 2, जनपद पंचायत सदस्य के 18, सरपंच के 59 और पंच के 761 पदों पर मतदान होगा। इसी तरह रीठी जनपद पंचायत के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 1, जनपद पंचायत सदस्य के 11, सरपंच के 42 और पंच के 524 पदों पर चुनाव कराए जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जिले में ओबीसी वर्ग के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं करा जा रहे थे, जिसके बाद अब अजा, अजजा और अनारक्षित पदों पर ही पहले चरण के लिए 6 जनवरी को मतदान कराया जाएगा।

### बहोरीबंद एवं रीठी जनपद में पंचायत चुनाव पर एक नजर

| जनपद पंचायत | जिला पंचायत सदस्य | जनपद सदस्य | सरपंच | पंच |
|---|---|---|---|---|
| बहोरीबंद | 02 | 18 | 59 | 761 |
| रीठी | 01 | 11 | 42 | 524 |
| **कुल योग** | **03** | **29** | **101** | **1285** |

## पहले चरण में अन्य पिछड़ा वर्ग के 394 पदों पर नहीं हो रहा चुनाव

सुप्रीम कोर्ट द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग की सीटों पर चुनाव नहीं कराने के फैसले के बाद जिले में भी ओबीसी वर्ग की सीटों पर नामांकन जमा नहीं कराए गए। जानकारी के मुताबिक बहोरीबंद और रीठी जनपद पंचायतों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुल 394 पद आरक्षित थे। जिसमे जनपद पंचायत बहोरीबंद में ओबीसी वर्ग के लिए पंच के 221, सरपंच के 20, जनपद पंचायत सदस्य के 6 एवं जिला पंचायत सदस्य का 1 पद आरक्षित था। इसी तरह जनपद पंचायत रीठी में पंच के 127, सरपंच के 14, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 4 एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 1 पद आरक्षित था। इस तरह इन पदों पर न तो नामांकन लिए जा रहे थे और न ही चुनाव कराए जा रहे हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के पहले इनमे से ज्यादातर पदों पर नामांकन जमा हो गए थे। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने भी ओबीसी के नामांकन जमा नहीं करने के निर्देश दिए थे।

### ओबीसी के लिए आरक्षित थे इतने पद

**जनपद पंचायत बहोरीबंद**

| पद | संख्या |
|---|---|
| पंच | 221 |
| सरपंच | 20 |
| जनपद सदस्य | 06 |
| जिला पंचायत सदस्य | 01 |
| कुल पद | 248 |

**जनपद पंचायत रीठी**

| | |
|---|---|
| पंच | 127 |
| सरपंच | 14 |
| जनपद | 04 |
| जिला | 01 |
| कुल पद | 146 |

## 13 नग सुअरमार बम के साथ युवक गिरफ्तार

झिन्ना जंगल में वन विभाग की कार्रवाई



**कटनी।** वन विभाग की टीम ने एक शिकारी को 13 सुअरमार बम के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम झिन्ना पिपरिया निवासी 50 वर्षीय पिटका कोल को जंगल में गस्त के दौरान पकड़ा गया। रेंज ऑफिसर अजय मिश्रा, विजेंद्र प्यासी, प्रदीप तिवारी, राजेश शर्मा, पवन शर्मा, कमलेश सिंह आदि ने जंगल में सघन गस्त के दौरान आरोपी को पकड़ा। तलाशी के दौरान व पूछताछ में पाया गया कि आरोपी जंगली जानवर मारकर उनके मांस का क्रय-विक्रय करने के उद्देश्य से सुअरमार बम लेकर घूम रहा है। 19 दिसंबर को कोई जानवर न फंसने पर वापस लौट रहा था। वन विभाग द्वारा पकड़कर तलाशी ली गई तो 13 नगर सुअरमार बम मिले। आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम तिहारी मेन रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम तिहारी निवासी 24 वर्षीय रामू पिता भैयाजी कोल को अज्ञात वाहन ने कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 279, 304ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## किशोरी फांसी पर झूली

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम मझगवां में एक 15 वर्षीय किशोरी के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम मझगवां निवासी घनश्याम राजपाल की 15 वर्षीय पुत्री काजल के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## बुलेरो ने बाइक को मारी ठोकर

एक ही परिवार के चार सदस्य घायल

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत दादर सिहुड़ी घाट के नीचे बुलेरो की ठोकर लगने से मोटर सायकल सवार एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। घायलों को उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी बुलेरो चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम दादर सिहुड़ी निवासी 28 वर्षीय सूर्यभान सिंह नेताम मोटर सायकल से अपनी पुत्री 11 वर्षीय चित्रलेखा व 6 वर्षीय सुलेखा और भतीजे 12 वर्षीय शिवपाल को लेकर कोठी गांव चण्डी मेला देखने गया था। रविवार देरशाम सूर्यभान बच्चों को मोटरसायकल से लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान सामने की तरफ से आ रही बुलेरो जीप के चालक ने दादरसिहुड़ी पुल के नीचे मोटरसायकल को टक्कर मार दी। घटना में परिवार के चारों लोगों को चोटें आई है तथा मोटरसायकल भी क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस और एम्बुलेंस को दी। 108 एम्बुलेंस वाहन से सभी घायलों को उमरियापान अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद पुत्री सुलेखा को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।



## प्रमुख मार्गों में यातायात सुगम करने कवायद जारी

नगर निगम प्रतिदिन हटवा रहा अतिक्रमण

**कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर के मुख्य मार्गों के किनारे अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर सुगम यातायात व्यवस्था मुहैया कराने कवायद की जा रही है। अतिक्रमण प्रभारी एस के गर्ग ने बताया कि निगम की सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए मुख्य मार्गो थाना तिराहा से स्टेट बैंक चौराहा होते हुए जिला चिकित्सालय, महारानी लक्ष्मी बाई चौराहा, सुभाष चौक, सिल्वर टॉकीज रोड, झंडा बाजार, गोल बाजार, दिलबहार चौराहा मुख्य स्टेशन पहुंच मार्ग तथा थाना तिराहा से मिशन चौक तक के समस्त फल सब्जी विक्रेताओं एवं फुटकर दुकानदारों को हाकर्स जोन एवं निर्धारित स्थलों पर भेजनें की कार्यवाही प्रतिदिन की जा रही है। हाकर्स जोन से सुचारू व्यवसाय हेतु हाकर्स जोन परिसर के बाहर खडे सब्जी ठेला व्यवसाईयों को हाकर्स जोन के बाहर ठेले न लगाने के संबंध में मुनादी कराई जाकर निर्धारित स्थल प्लेटफार्म पर बैठकर ही व्यवसाय करनें की हिदायत दी जा रही है।

## पैतृक जमीन हड़पने का आरोप

पीड़ित साधु ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पौनिया निवासी लखन पुरी ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत में बताया कि उनकी पृथक भूमि ग्राम पौनिया हल्का पौनिया राजस्व निरीक्षक मंडल विजयराघवगढ़ में स्थित है। पूनम पुरी के द्वारा भूमि हड़प ली गई है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने एसपी व राजस्व अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

## जुआफड़ों में कुठला पुलिस की रेड

आठ जुआरी गिरफ्तार



**कटनी।** कुठला पुलिस ने दो जुआफड़ों में दबिश देकर आठ जुआरियों को गिरफ्तार किया है। कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि चाका नर्सरी के पीछे दबिश दी। यहां पर पुलिस ने एसआई किशोरी कुमार द्विवेदी ने टीम के साथ दबिश दी। इसमें ब्रजेश परौहा चाका, इंदु लोधी कन्हवारा, अरुण लोधी कन्हवारा, गोलू सुहाने कन्हवारा को जुआं खेलते पकड़ा गया। इनके पास से 25 हजार 130 रुपये जप्त किए गए हैं। इसके अलावा चाका नर्सरी के पास से एक अन्य ठिकाने पर दबिश देकर दीपक सोनी कन्हवारा, टिंकू चौबे पुरानी बस्ती आजाद चौक, राजाराम यादव मतवार पड़रिया, गोलू उर्फ अमीर खान चाका को पकड़ा है। इनके पास से 2430 रुपये जप्त किए गए हैं।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टैनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274



टैरो क्वीन
राजुल मिश्रा द्वारा टैरो कार्ड्स रीडिंग
सोमवार से शुक्रवार-दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
दूसरी मंजिल, डॉ. नेमा क्लीनिक, आजाद चौक, कटनी
संपर्क करें- 9343945285



JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668



रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Reliance digital TRENDS PLANET FASHION U-TURN BOLSA GALAXY GAME ZONE City Pride Cinema Food Junction The Food Court HOTEL GRAND MERIDIAN FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)